***CANDIDATES WILL BE GIVEN AN OPTION TO ANSWER IN HINDI ALSO***

**उत्तर पूर्वी अंतरिक्ष उपयोग केंद्र/North Eastern Space Applications Centre**
**अंतरिक्ष विभाग/Dept. of Space, भारत सरकार/Govt. of India,**
**उमियम/Umiam – 793103, मेघालय/Meghalaya**
**दूरभाष/Tel: 0364-2570140**

**एनईसैक में अनुसंधान वैज्ञानिक, कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता एवं परियोजना सहायक- I के अस्थायी पदों पर चयन हेतु वॉक-इन-इंटरव्यूह I / Walk-in-Interview for selection to the temporary positions of Research Scientist, Junior Research Fellow & Project Associate – I in NESAC**

**No. NESAC/RMT-TEMP/WI-02/2026** **दिनांक/Dated: 17.07.2026**

उत्तर-पूर्वी अंतरिक्ष उपयोग केंद्र (एनईसैक), उमियम, अंतरिक्ष विभाग, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त निकाय है, जो अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के उपयोग के माध्यम से उत्तर-पूर्वी क्षेत्र की विकास प्रक्रिया में सहायता प्रदान करता है। यह रिमोट सेंसिंग, भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस), उपग्रह संचार आदि के उपयोग से विशिष्ट अनुप्रयोग परियोजनाओं का क्रियान्वयन करता है तथा अंतरिक्ष वायुमंडलीय विज्ञान के क्षेत्र में अनुसंधान कार्य करता है। इसके द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाएँ प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, अवसंरचना विकास, नगर नियोजन, स्वास्थ्य, शिक्षा, आपदा प्रबंधन, पृथ्वी अवलोकन अनुप्रयोग मिशन आदि क्षेत्रों में उपयोगी हैं। /North Eastern Space Applications Centre (NESAC), Umiam is an autonomous body under the Department of Space, Government of India to assist development process in North Eastern Region using space science and technology. It undertakes specific applications projects using remote sensing, Geographic Information System (GIS), satellite communication and conducting space atmospheric science research. Its services are helpful in natural resources management, infrastructure, town planning, health, education, disaster management, earth observation applications mission, etc.

एनईसैक (NESAC) द्वारा निम्नलिखित पदों पर अस्थायी परियोजना आधार पर भर्ती हेतु **वॉक-इन-इंटरव्यूह** का आयोजन प्रस्तावित है, जो अस्थायी रूप से **10, 11 एवं 12 अगस्त, 2026 को एनईसैक, उमियाम, री-भोई जिला, मेघालय (गुवाहाटी रेलवे स्टेशन से 85 कि.मी. तथा शिलांग से 18 कि.मी. की दूरी पर) में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।** / NESAC is conducting **walk-in-interview** for the following positions on temporary project basis tentatively **scheduled on 10th, 11th, and 12th August 2026 at NESAC, Umiam, Ri Bhoi District, Meghalaya (85 kms from Guwahati Railway Station and 18 kms from Shillong).**

| **अनुसंधान वैज्ञानिक /RESEARCH SCIENTIST** | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **पोस्ट कोड सं. Post Code No.** | **पद की सं. No. of Position** | **आवश्यक योग्यता एवं अनुभव Essential Qualification & Experience** | **वांछनीय अनुभव Desired Experience** | **साक्षात्कार की तिथि Date of Interview** |
| **RS01** | **1 (एक/ one)** | भूविज्ञान/अनुप्रयुक्त भूविज्ञान/ भूभौतिकी / पृथ्वी विज्ञान अथवा समकक्ष विषय में प्रथम श्रेणी में एम.एससी. /एम.टेक. /एम.एससी. (टेक.) अथवा भूविज्ञान /अनुप्रयुक्त भूविज्ञान अथवा समकक्ष विषय में एकीकृत एम.एससी. उपाधि। / First Class M.Sc./M.Tech /M.Sc (Tech) in Geology/ Applied Geology/ Geophysics/ Earth Science or equivalent discipline or Integrated M.Sc in Geology/ Applied Geology or equivalent discipline<br>**और/AND**<br>पूर्व अर्हता के रूप में भूविज्ञान को मुख्य/ | • संबंधित विषय में पीएच.डी. (डॉक्टरेट) की उपाधि<br>• Ph.D in relevant field<br>• भूविज्ञान/अनुप्रयुक्त भूविज्ञान में कार्यानुभव तथा भूजल ह्रास अध्ययन, भूस्खलन पूर्व चेतावनी, भूस्खलन संवेदनशीलता अध्ययन, जीपीएस (GPS)/जीएनएसएस (GNSS), भूकंपीय सर्वेक्षण (Seismic Surveying) एवं उसके आँकड़ों का प्रसंस्करण और विश्लेषण, तथा रिमोट सेंसिंग एवं जीआईएस (GIS) के उपयोग से | 11.08.2026 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | प्रमुख/ऑनर्स विषय के रूप में रखते हुए बी.एससी. उपाधि (एकीकृत पाठ्यक्रम के लिए लागू नहीं)।<br>/ Pre-qualification of B.Sc with Geology as Main/Major/Honors subject (not applicable for integrated course)<br><br>**के साथ / WITH**<br><br>भू-आपदा के क्षेत्र में न्यूनतम एक वर्ष का अनुसंधान अथवा कार्यानुभव।<br>/ One year research/work experience in the field of Geo – hazards.. | संबंधित अनुसंधान का अनुभव।<br>• Working experience in Geology/ Appplied Gelogy with research related to Ground water depletion study/ landslide early warning/ susceptibility study/GPS/ GNSS/ seismic surveying and data processing & analysis/Use of Remote Sensing and GIS. | |
| **RS02** | **1 (एक/ one)** | कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी/सूचना प्रौद्योगिकी अथवा समकक्ष विषय में प्रथम श्रेणी में एम.ई./एम.टेक. उपाधि।<br>/ First Class M.E./M.Tech in Computer Science & Engineering/ Information Technology or equivalent discipline<br><br>**और//AND**<br><br>कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी/सूचना प्रौद्योगिकी अथवा समकक्ष विषय में प्रथम श्रेणी में बी.ई./बी.टेक. उपाधि।<br>/ First Class B.E./B.Tech in Computer Science & Engineering/ Information Technology or equivalent discipline<br><br>**के साथ / WITH**<br><br>उपरोक्त क्षेत्र में एक वर्ष का अनुसंधान/कार्य अनुभव।<br>/ One year research/work experience in above field. | • जीआईएस एवं रिमोट सेंसिंग, भू-स्थानिक विश्लेषण का अनुभव।<br>• GIS & Remote Sensing, geospatial analytics,<br>• पायथन/जावास्क्रिप्ट (JavaScript) प्रोग्रामिंग, पोस्टजीआईएस (PostGIS) एवं जियोसर्वर का अनुभव।<br>• Python/ JavaScript programming, PostGIS & GeoServer,<br>• कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं मशीन लर्निंग (AI/ML) तथा उपग्रह/ड्रोन इमेजों के प्रसंस्करण का अनुभव।<br>• AI/ML, satellite/ image processing,<br>• क्लाउड आधारित भू-स्थानिक सेवाओं, डेटा विज़ुअलाइज़ेशन तथा वेब/मोबाइल अनुप्रयोग विकास का अनुभव।<br>• Cloud geospatial services, data visualization, and web/mobile application development. | 12.08.2026 |
| **RS03** | **1 (एक/ one)** | आपदा प्रबंधन/भूगोल/अनुप्रयुक्त भूगोल / भूविज्ञान /भू-सूचना विज्ञान/ जियोमैटिक्स /रिमोट सेंसिंग एवं भौगोलिक सूचना प्रणाली अथवा समकक्ष विषय में प्रथम श्रेणी में एम.एससी./एम.टेक. उपाधि।<br>/ First Class M.Sc./M.Tech in Disaster Management/ Geography/ Applied Geography/ Geology/ Geoinformatics/ Geomatics/ Remote Sensing and Geographic Information System or equivalent. discipline | • संबंधित विषय/क्षेत्र में पीएच.डी. (डॉक्टरेट) की उपाधि।<br>Ph.D in relevant field<br>• आपदा संबंधी अध्ययनों में कार्यानुभव।<br>Working experience in disaster related studies.<br>• रिमोट सेंसिंग डेटा के प्रबंधन, जीआईएस (GIS) सॉफ्टवेयर के उपयोग तथा प्रोग्रामिंग कौशल का कार्यसाधक ज्ञान। | 12.08.2026 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | **के साथ / WITH**<br><br>आपदा प्रबंधन सहायता (डीएमएस) के क्षेत्र में एक वर्ष का अनुसंधान/कार्य अनुभव। / One year research/work experience in the field of Disaster Management Support (DMS). | • Working knowledge in remote sensing data handling and GIS software, Programming skills.<br>• आपदा प्रबंधन योजनाओं के निर्माण/तैयारी का अनुभव।<br>• Experience in preparation of Disaster Management Plans | |
| **RS04** | **1 (एक/ one)** | वनस्पति विज्ञान/वानिकी/पर्यावरण विज्ञान / रिमोट सेंसिंग/भू-सूचना विज्ञान / रसायन विज्ञान/भौतिक विज्ञान/कंप्यूटर विज्ञान अथवा समकक्ष विषय में प्रथम श्रेणी में एम.एससी./एम.टेक. उपाधि।<br>/ First Class M.Sc./M.Tech in Botany/Forestry/ Environmental Science/ Remote Sensing/ Geoinformatics/ Chemistry/ Physics/ Computer Science or equivalent discipline<br>**और /AND**<br><br>विज्ञान में स्नातक डिग्री।<br>/ Graduation in Science.<br><br>**के साथ / WITH**<br><br>भू-सूचना विज्ञान के क्षेत्र में एक वर्ष का अनुसंधान/कार्य अनुभव।<br>/ One year research/work experience in Geoinformatics. | • संबंधित विषय/क्षेत्र में पीएच.डी. (डॉक्टरेट) की उपाधि।<br>• Ph.D in relevant field<br>• रिमोट सेंसिंग डेटा प्रबंधन एवं जीआईएस (GIS) सॉफ्टवेयर के उपयोग का कार्यसाधक ज्ञान, प्रोग्रामिंग कौशल (अधिमानतः Python एवं MATLAB), पारिस्थितिक/पर्यावरणीय मॉडलिंग तथा दावाग्नि अध्ययन का ज्ञान।<br>• Working knowledge in Remote Sensing data handling and GIS software, Programming skills preferably Python and MATLAB, Ecological/Environmental modeling/forest fire studies. | 10.08.2026 |
| **RS05** | **1 (एक/ one)** | भौतिकी, मौसम विज्ञान, वायुमंडलीय विज्ञान, पृथ्वी तंत्र विज्ञान अथवा समकक्ष विषय में प्रथम श्रेणी की एम.एससी./एम.टेक. उपाधि।<br><br>/ First Class M.Sc./M.Tech in Physics/Meteorology/Atmospheric Science/ Earth Systems Science or equivalent discipline<br><br>**के साथ / WITH**<br><br>वायुमंडलीय विज्ञान के किसी भी क्षेत्र में एक वर्ष का अनुसंधान/कार्य अनुभव।<br>/ One year research/work experience in any field of Atmospheric Science. | • संबंधित विषय/क्षेत्र में पीएच.डी. (डॉक्टरेट) की उपाधि।<br>Ph.D in relevant field<br>• उपग्रह मौसम विज्ञान (Satellite Meteorology), तड़ित-झंझा (Thunderstorm), आकाशीय बिजली (Lightning), संख्यात्मक मौसम पूर्वानुमान (Numerical Weather Prediction) मॉडलों का कार्यसाधक ज्ञान, MATLAB एवं FORTRAN में प्रोग्रामिंग का ज्ञान तथा LINUX ऑपरेटिंग सिस्टम के उपयोग में दक्षता।<br>• Working knowledge in Satellite Meteorology, Thunderstorm, Lightning, Numerical Weather Prediction models with programming knowledge in MATLAB, FORTRAN and conversant with LINUX operating system. | 11.08.2026 |

| कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता (जेआरएफ) / JUNIOR RESEARCH FELLOW (JRF) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **पोस्ट कोड सं. Post Code No.** | **पद की सं. No. of Position** | **आवश्यक योग्यता एवं अनुभव Essential Qualification & Experience** | **वांछनीय अनुभव Desired Experience** | **साक्षात्कार की तिथि Date of Interview** |
| **JRF01** | **1 (एक/ one)** | वानिकी/पर्यावरण विज्ञान/पर्यावरण अभियांत्रिकी /जीवन विज्ञान/रिमोट सेंसिंग एवं भौगोलिक सूचना प्रणाली (रिमोट सेंसिंग एवं जीआईएस)/भू-सूचना विज्ञान/कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी/पृथ्वी तंत्र विज्ञान/ रासायनिक अभियांत्रिकी अथवा समकक्ष विषय में प्रथम श्रेणी में एम.एससी./एम.टेक. उपाधि / First Class M.Sc./ M.Tech in Forestry/ Environmental Science/ Environmental Engineering/Life Science/ Remote Sensing & GIS/ Geoinformatics/ Computer Science & Engineering/ Earth System Science/ Chemical Engineering or equivalent discipline<br>**के साथ / WITH**<br>संबंधित क्षेत्र में वैध नेट/गेट अथवा समकक्ष योग्यता। Valid NET/GATE or equivalent in the relevant field<br>**और /AND**<br>विज्ञान में स्नातक डिग्री / Bachelor’s Degree in Science, | • रिमोट सेंसिंग/वायुमंडलीय डेटा प्रबंधन, जीआईएस विश्लेषण, GEE, Python में कार्यात्मक ज्ञान<br>• / Working knowledge in Remote Sensing/ Atmospheric Data handling, GIS analysis, GEE, Python. | 10.08.2026 |
| **JRF02** | **1 (एक/ one)** | भौतिक विज्ञान/वायुमंडलीय विज्ञान/ अनुप्रयुक्त भौतिकी/पृथ्वी तंत्र विज्ञान/ रसायन विज्ञान/पर्यावरण विज्ञान/ पर्यावरण अभियांत्रिकी अथवा समकक्ष विषय में प्रथम श्रेणी में एम.एससी./एम.टेक. उपाधि / First Class M.Sc./M.Tech in Physics/ Atmospheric science/ Applied Physics/Earth System Science/ Chemistry/ Environmental Science/ Environmental Engineering or equivalent discipline<br>**के साथ / WITH**<br>संबंधित क्षेत्र में वैध नेट/गेट अथवा समकक्ष योग्यता। / Valid NET/GATE or equivalent in the relevant field<br>**और /AND**<br>विज्ञान में स्नातक डिग्री / Bachelor’s Degree in Science | • रिमोट सेंसिंग/वायुमंडलीय डेटा हैंडलिंग, जीआईएस विश्लेषण, GEE, Python में कार्यात्मक ज्ञान/ Working knowledge in Remote Sensing/ Atmospheric Data handling, GIS analysis, GEE, Python. | 11.08.2026 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **JRF03** | **1 (एक/ one)** | भौतिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स, मौसम विज्ञान, पृथ्वी विज्ञान, वायुमंडलीय विज्ञान अथवा किसी निकट संबंधी विषय में स्नातकोत्तर (एम.एससी.) उपाधि। / M.Sc in Physics/ Electronics/Meteorology/ Earth Sciences/ Atmospheric sciences or closely related field<br>**के साथ / WITH**<br>संबंधित क्षेत्र में वैध नेट/गेट अथवा समकक्ष योग्यता। / Valid NET/GATE or equivalent in the relevant field<br>**या/ OR**<br>भौतिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी (ECE), इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स अभियांत्रिकी (EEE) अथवा समकक्ष विषय में बी.टेक. उपाधि तथा संबंधित क्षेत्र में वैध नेट (NET)/गेट (GATE) अथवा समकक्ष योग्यता। / B.Tech in Physics/ Electronics & Communication Engineering (ECE) /Electrical & Electronics Engineering (EEE) or equivalent discipline with Valid NET/ GATE or equivalent in the relevant field<br>**या/ OR**<br>भौतिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी (ECE), विद्युत एवं इलेक्ट्रॉनिक्स अभियांत्रिकी (EEE) अथवा संबंधित क्षेत्र में प्रौद्योगिकी स्नातकोत्तर (एम.टेक.) उपाधि तथा संबंधित क्षेत्र में वैध NET/GATE अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण। / M.Tech in Physics/ Electronics & Communication Engineering (ECE) /Electrical & Electronics Engineering (EEE) with Valid NET/ GATE or equivalent in the relevant field | • वायुमंडलीय घटनाओं का ज्ञान।<br>• / Knowledge of Atmospheric Phenomena | 11.08.2026 |
| **JRF04** | **1 (एक/ one)** | कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी/सूचना प्रौद्योगिकी अथवा समकक्ष विषय में प्रथम श्रेणी में बी.ई./बी.टेक. उपाधि तथा संबंधित क्षेत्र में वैध नेट/गेट अथवा समकक्ष योग्यता। / First Class B.E./ B.Tech in Computer Science & Engineering, Information Technology, or equivalent discipline<br>**के साथ / WITH**<br>संबंधित क्षेत्र में वैध NET/GATE अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण। | • ऐप (App) एवं वेब पोर्टल (Web Portal) के विकास तथा एआई/एमएल/डीएल (AI/ML/DL) आधारित अनुप्रयोगों के कार्यान्वयन में कार्यानुभव।<br>• / Working Experience in development of app, web portal, implementing AI/ ML/ DL based applications. | 12.08.2026 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | Valid NET/GATE or equivalent in the relevant field | | |
| **JRF05** | **1 (एक/ one)** | कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी/सूचना प्रौद्योगिकी अथवा समकक्ष विषय में प्रथम श्रेणी में बी.ई./बी.टेक. उपाधि तथा संबंधित क्षेत्र में वैध नेट/गेट अथवा समकक्ष योग्यता। / First Class B.E./B.Tech in Computer Science & Engineering , Information Technology, or equivalent discipline with valid NET/GATE or equivalent in the relevant field<br>**या/ OR**<br>रिमोट सेंसिंग, जीआईएस (भौगोलिक सूचना प्रणाली) एवं जियोइन्फॉर्मेटिक्स अथवा समकक्ष विषय में प्रथम श्रेणी से एम.टेक./एम.एससी. तथा संबंधित क्षेत्र में वैध नेट (NET)/गेट (GATE) अथवा समकक्ष योग्यता। / First Class M. Tech./M.Sc in Remote Sensing, GIS, and Geoinformatics, or equivalent discipline with a vaild NET/ GATE or equivalent in the relevant field. | • मोबाइल ऐप एवं वेब पोर्टल के विकास तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI), मशीन लर्निंग (ML) एवं डीप लर्निंग (DL) आधारित अनुप्रयोगों के कार्यान्वयन का कार्यानुभव।<br>• / Working Experience in development of app, web portal, implementing AI/ ML/ DL based applications. | 12.08.2026 |
| **JRF06** | **1 (एक/ one)** | वानिकी/पारिस्थितिकी/पर्यावरण विज्ञान/ वनस्पति विज्ञान/जीवन विज्ञान/पृथ्वी तंत्र विज्ञान/रिमोट सेंसिंग एवं भौगोलिक सूचना प्रणाली (रिमोट सेंसिंग एवं जीआईएस)/भू-सूचना विज्ञान अथवा समकक्ष विषय में प्रथम श्रेणी में एम.एससी./एम.टेक. उपाधि / First Class M.Sc./M.Tech in Forestry/Ecology/ Environmental Sciences/ Botany/ Life Science/ Earth System Science/ Remote Sensing and GIS/ Geoinformatics or equivalent discipline<br>**के साथ / WITH**<br>संबंधित क्षेत्र में वैध NET/GATE अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण।<br>Valid NET/GATE or equivalent in the relevant field | • रिमोट सेंसिंग (Remote Sensing) एवं जीआईएस (GIS) डेटासेट्स के प्रसंस्करण तथा संबंधित सॉफ्टवेयर के उपयोग का अनुभव।<br>• / Experience in processing of remote sensing & GIS datasets & software<br>• प्रोग्रामिंग भाषाओं (Python/R/ MATLAB/ GEE आदि) का अच्छा कार्यसाधक ज्ञान।<br>• / Good working knowledge of programming languages (Python/R/MATLAB/GEE etc.) | 10.08.2026 |
| **JRF07** | **1 (एक/ one)** | वानिकी/पारिस्थितिकी/पर्यावरण विज्ञान/ वनस्पति विज्ञान/जीवन विज्ञान/पृथ्वी तंत्र विज्ञान/ रिमोट सेंसिंग एवं भौगोलिक सूचना प्रणाली (रिमोट सेंसिंग एवं जीआईएस)/भू-सूचना विज्ञान अथवा समकक्ष विषय में | • एसएआर (SAR) डेटा प्रसंस्करण, जीआईएस (GIS) विश्लेषण तथा पायथन (Python)/आर (R)/गूगल अर्थ इंजन (Google Earth Engine) में प्रोग्रामिंग का अनुभव। | 10.08.2026 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | प्रथम श्रेणी में एम.एससी./एम.टेक. उपाधि तथा संबंधित क्षेत्र में नेट/गेट अथवा समकक्ष योग्यता।<br>/ First Class M.Sc./M.Tech in Forestry/Ecology/ Environmental Sciences/ Botany/ Life Science/ Earth System Science/ Remote Sensing and GIS/ Geoinformatics or equivalent discipline<br>**के साथ / WITH**<br>संबंधित क्षेत्र में वैध NET/GATE अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण।<br>Valid NET/GATE or equivalent in the relevant field | • / Experience in SAR data processing, GIS analysis, and Programming in PYTHON/R/ Google Earth Engine. | |
| **JRF08** | **1 (एक/ one)** | पृथ्वी विज्ञान अभियांत्रिकी, जल संसाधन अभियांत्रिकी, रिमोट सेंसिंग एवं जीआईएस अथवा कंप्यूटर विज्ञान में प्रथम श्रेणी एम.ई./एम.टेक. उपाधि या समकक्ष योग्यता।<br>/ First Class M.E./M.Tech in Earth Science Engineering/ Water Resources Engineering/ Remote Sensing and GIS/ Computer Science or equivalent discipline<br>**के साथ / WITH**<br>जल विज्ञान में मृदा नमी अनुप्रयोगों, भू-सतह मॉडलिंग अथवा SAR डेटा के उपयोग के क्षेत्र में शोध प्रबंध/विशेषज्ञता तथा संबंधित क्षेत्र में वैध NET/GATE अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण।<br>/ Dissertation/specialization in soil moisture applications in hydrology or land-surface modeling or SAR data utilization with valid NET/GATE or equivalent in the relevant field<br>**या/ OR**<br>रिमोट सेंसिंग एवं जीआईएस, / भूविज्ञान, / पर्यावरण विज्ञान अथवा समकक्ष विषय में प्रथम श्रेणी की एम.एससी. उपाधि, जिसमें मृदा नमी अनुप्रयोगों से संबंधित विशेषज्ञता/शोध प्रबंध हो तथा संबंधित क्षेत्र में वैध नेट (NET)/गेट (GATE) अथवा समकक्ष योग्यता हो।<br>/ First Class M.Sc. in Remote Sensing & GIS/ Geology/Environmental Science/ or equivalent discipline with soil moisture applications related specialization/dissertation with valid NET/GATE or equivalent in the relevant field. | • SAR डेटा के प्रसंस्करण तथा जल विज्ञान एवं भू-सतह मॉडलिंग में मृदा नमी के अनुप्रयोग/उपयोग से संबंधित कार्यानुभव।<br>• / Working experience in SAR data processing, soil moisture utilization in hydrological & land surface modeling<br>• Python एवं FORTRAN प्रोग्रामिंग भाषाओं का ज्ञान तथा LINUX ऑपरेटिंग सिस्टम के उपयोग में दक्षता।<br>• /Programming knowledge in Python, FORTRAN & conversant with LINUX operating system. | 12.08.2026 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **JRF09** | **1 (एक/ one)** | भूविज्ञान, / अनुप्रयुक्त भूविज्ञान, / भूभौतिकी, / भौतिकी, / अनुप्रयुक्त भौतिकी, / पृथ्वी विज्ञान, / पृथ्वी प्रणाली विज्ञान अथवा भूवैज्ञानिक विज्ञान में एम.एससी./ एम.टेक. उपाधि।<br>/ M.Sc/ M.Tech in Geology/Applied Geology/ Geophysics / Physics/ Applied Physisc/ Earth Science/ Earth System Science/ Gelogical sciences<br>**या/ OR**<br>कंप्यूटर विज्ञान एवं अभियांत्रिकी (CSE) में बी.टेक./एम.टेक. उपाधि तथा SAR डेटा प्रसंस्करण में कार्यानुभव।<br>/ B.Tech./M.Tech. CSE with experience in SAR data processing<br>**के साथ / WITH**<br>संबंधित क्षेत्र में वैध NET/GATE अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण।<br>/ Valid NET/GATE or equivalent in the relevant field. | • InSAR एवं POLInSAR अनुप्रयोगों से संबंधित SAR डेटा प्रसंस्करण एवं विश्लेषण, भू-आकृतिक विवर्तनिकी तथा भूकंपीय विवर्तनिकी विश्लेषण का कार्यानुभव एवं Python सहित अन्य प्रोग्रामिंग भाषाओं का कार्यसाधक ज्ञान।<br>• / Experince in SAR data processing and analysis specific to InSAR and POLInSAR applications, Morphotectonics and seismotectonic analysis, working knowledge in python and other programming languages. | 11.08.2026 |
| **JRF10** | **1 (एक/ one)** | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से भूवैज्ञानिक विज्ञान अथवा समकक्ष विषय में एम.एससी. उपाधि।<br>/ M.Sc. in Geological Sciences or equivalent. discipline from a recognized University<br>**के साथ / WITH**<br>संबंधित क्षेत्र में वैध NET/GATE अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण।<br>/ Valid NET/GATE or equivalent in the relevant field. | • रिमोट सेंसिंग भूविज्ञान, भू-आपदा, भूस्खलन अथवा SAR डेटा प्रसंस्करण के क्षेत्र में विशेषज्ञता तथा प्रोग्रामिंग भाषाओं का कार्यसाधक ज्ञान/दक्षता।<br>• / Specialization in Remote Sensing Geology/ Geo Hazards/ Landslide/ SAR data processing and skilled in programming languages | 11.08.2026 |

## परियोजना सहायक -I / PROJECT ASSOCIATE – I

| पोस्ट कोड सं. Post Code No. | पद की सं. No. of Position | आवश्यक योग्यता एवं अनुभव Essential Qualification & Experience | वांछनीय अनुभव Desired Experience | साक्षात्कार की तिथि Date of Interview |
|---|---|---|---|---|
| **PA01** | **1 (एक/ one)** | वनस्पति विज्ञान, वानिकी, पर्यावरण विज्ञान अथवा समकक्ष विषय में प्रथम श्रेणी की एम.एससी. उपाधि।<br>/ First Class M.Sc. in Botany/Forestry/ Environmental Science or equivalent discipline.<br>**के साथ / WITH**<br>पादप पहचान के क्षेत्र में न्यूनतम एक वर्ष का कार्यानुभव।<br>/ Minimum One Year experience in plant identification. | • पादप वर्गिकी (Plant Taxonomy) में विशेषज्ञता तथा रिमोट सेंसिंग डेटा प्रबंधन एवं जीआईएस (GIS) विश्लेषण का कार्यसाधक ज्ञान।<br>• / Specialization in plant Taxonomy, working knowledge in Remote Sensing data handling, GIS analysis. | 10.08.2026 |

**पात्रता / ELIGIBILITY:**

**(i)** **किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 60% (सभी सेमेस्टर का औसत) या 10 पॉइंट स्केल पर 6.5 की सी.जी.पी.ए/सी.पी.आई ग्रेडिंग या समकक्ष ग्रेड में एमई/एमटेक की डिग्री होनी चाहिए।/M.E./M.Tech degree should be with an aggregate minimum of 60% (average of all semesters) or CGPA/CPI grading of 6.5 on a 10 point scale or equivalent from recognized university.**

**(ii)** **किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 65% (सभी सेमेस्टर का औसत) या 10 पॉइंट स्केल पर 6.84 की सी.जी.पी.ए/सी.पी.आई ग्रेडिंग या समकक्ष ग्रेड में बीई/बीटेक/एमएससी डिग्री होनी चाहिए।/B.E./B.Tech/M.Sc. degree should be with an aggregate minimum of 65% (average of all semesters) or CGPA/CPI grading of 6.84 on a 10 point scale or equivalent from recognized university.**

**पोस्ट कोड JRF01, JRF02, JRF03,JRF04, JRF05, JRF06 & JRF07 के लिए**
**/FOR POST CODE JRF01, JRF02, JRF03, JRF04, JRF 05 JRF 06 & JRF 07**

**जेआरएफ पद हेतु आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को विज्ञापित अनुशासन के अनुसार संबंधित विषय में निम्नलिखित में से किसी एक परीक्षा में अर्हता प्राप्त होना चाहिए। साक्षात्कार के समय संबंधित योग्यता प्राप्त करने का वर्ष तथा स्कोर कार्ड प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।:/The applicants for JRF positions should qualify one of the following tests in relevant discipline (as per advertised discipline) and the year of acquiring qualification along with score card have to be furnished at the time of Interview:**

i. CSIR-UGC राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (NET), जिसमें व्याख्यान पात्रता (सहायक प्रोफेसरशिप) शामिल है।/ CSIR-UGC National Eligibility Test including NET-Lectureship (Assistant Professorship)

ii. मानव संसाधन विकास मंत्रालय (MHRD)/शिक्षा मंत्रालय (MoE) द्वारा आयोजित इंजीनियरिंग स्नातक अभिक्षमता परीक्षा (GATE)। / Graduate Aptitude Test in Engineering (GATE) conducted by Ministry of Human Resource Development (MHRD)/ Ministry of Education (MOE)

iii. मानव संसाधन विकास मंत्रालय (MHRD)/शिक्षा मंत्रालय (MoE) द्वारा आयोजित मास्टर डिग्री हेतु संयुक्त प्रवेश परीक्षा (JAM)।/ Joint Admission Test for Masters (JAM) conducted by Ministry of Human Resource Development (MHRD)/ Ministry of Education (MOE)

iv. परमाणु ऊर्जा विभाग द्वारा आयोजित संयुक्त प्रवेश स्क्रीनिंग परीक्षा (JEST) तथा जीवविज्ञान एवं अंतर्विषयक जीवन विज्ञान हेतु संयुक्त स्नातक प्रवेश परीक्षा (JGEEBILS)।/ Joint Entrance Screening Test (JEST), Joint Graduate Entrance Examination for Biology & Interdisciplinary Life Sciences (JGEEBILS) conducted by Department of Atomic Energy.

v. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा आयोजित अखिल भारतीय प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षा (AICE)।/ All India Competitive Examination (AICE) conducted by the Indian Council of Agricultural Research.

**1. सामान्य नोट /GENERAL NOTE:**

(i) ऊपर दर्शाए गए पदों की संख्या अनंतिम है और वास्तविक आवश्यकता के आधार पर भिन्न हो सकती है। / Number of positions indicated above are provisional and may vary depending on the actual requirement.

(ii) अंकों को पूर्णांकित करने/सीजीपीए ग्रेडिंग की अनुमति नहीं है। / Rounding-off of marks/CGPA grading is not allowed.

(iii) अभ्यर्थियों को अपने आवेदन पर विचार करने के लिए, जहां भी लागू हो, प्रासंगिक क्षेत्र में विशेषज्ञता/शोध प्रबंध/थीसिस का स्पष्ट रूप से उल्लेख करना होगा, तथा साक्ष्य भी देना होगा। / Candidates must clearly mention with supporting proof, the specialization/ dissertation/ thesis in the relevant field wherever applicable for consideration of their application.

(iv) सभी डिग्रियाँ ए.आई.सी.टी.ई/यू.जी.सी या भारत सरकार द्वारा अधिकृत किसी अन्य संगठन द्वारा वैध रूप से मान्यता प्राप्त होनी चाहिए। / All degrees should be duly recognized by AICTE/UGC, or any other Organization authorized by Government of India to do so.

(v) अनुभव पत्र में आवेदक द्वारा विभिन्न परियोजनाओं के अंतर्गत किए गए कार्य का विवरण होना चाहिए। /Experience letter should contain the details of work done by the applicant under different projects.

(vi) विदेशी डिग्री धारकों के मामले में जहां दस्तावेज/डिग्री/प्रमाणपत्र अंग्रेजी में नहीं हैं, तो अनुवाद और अधिकृत प्रतिलेखन संलग्न करना होगा और एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटी (ए.आई.यू) से समकक्षता प्रमाण पत्र भी स्कैन करके संलग्न करना होगा। साक्षात्कार के समय समकक्षता प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करने पर अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। / In case of foreign degree holders where the documents/ degree/certificates are not in English then translation and authorized transcription must be attached and equivalency certificate from Association of Indian University (AIU) must also be scanned and attached. Failure to produce equivalency certificate at the time of interview shall lead to disqualification.

(vii) निर्धारित योग्यता और मानक केवल न्यूनतम आवश्यकता है और इसे पूरा करने से कोई उम्मीदवार स्वतः ही साक्षात्कार के लिए पात्र नहीं हो जाता है। / The qualification prescribed and the benchmark are only the MINIMUM requirement and fulfilling the same does not automatically make a candidate eligible for Interview

(viii) चयन पूर्णतः साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर होगा। / Selection will be purely based on performance in the interview.

(ix) यदि एनईसैक ऐसा निर्णय लेता है तो वह सभी या किसी भी पद को न भरने का अधिकार सुरक्षित रखता है। / NESAC reserves the right not to fill up all or any of the positions, if it so decides.

(x) उम्मीदवार द्वारा प्राप्त अंकों का प्रतिशत संबंधित विश्वविद्यालय/संस्था द्वारा अपनाई गई पद्धति के आधार पर गणना किया जाएगा। ग्रेड/सीजीपीए के मामले में, अंकों के प्रतिशत में रूपांतरण संबंधित विश्वविद्यालय/संस्था द्वारा प्रमाणित प्रक्रिया पर आधारित होगा। यदि कोई विश्वविद्यालय/संस्था पुष्टि करती है कि सीजीपीए को समकक्ष अंकों में परिवर्तित करने की कोई योजना नहीं है, तो उम्मीदवार के सीजीपीए को अधिकतम संभव सी.जी.पी.ए से विभाजित करके और परिणाम को 100 से गुणा करके समानता स्थापित की जाएगी। / The percentage of marks obtained by the candidate would be calculated based on the practice as followed by the respective University/Institution. In case of Grades/CGPA, the conversion to percentage of marks would be based on the procedure as certified by the respective University/Institution. If any University/Institution confirms that there is no scheme for converting CGPA into equivalent marks, the equivalence would be established by dividing the candidate's CGPA by the maximum possible CGPA and multiplying the result with 100.

(xi) यदि उम्मीदवार समकक्ष विशेषज्ञता का दावा कर रहा है, तो उसे अपने संस्थान/विश्वविद्यालय से यह प्रमाण पत्र प्राप्त करना होगा कि विशेषज्ञता विज्ञापन में मांगी गई विशेषज्ञता के समकक्ष है। जो उम्मीदवार पात्रता की शर्त पूरी नहीं करते हैं, उन्हें साक्षात्कार के लिए नहीं चुना जाएगा। / In case candidate is claiming equivalent specialization, he/she has to obtain certificate from his/her Institute/University stating that the specialization is equivalent to the one asked in the advertisement. Candidates who do not fulfill eligibility condition will not be considered for the interview.

**2. <u>आयु सीमा/AGE LIMIT:</u>**

- **अनुसंधान वैज्ञानिक हेतु - साक्षात्कार की तिथि के अनुसार** अधिकतम आयु 28 वर्ष (एम.एससी आधारित)। **/For Research Scientist :** (M.Sc based) – Maximum age 28 years as on **date of Interview.**
- **अनुसंधान वैज्ञानिक हेतु - साक्षात्कार की तिथि के अनुसार** अधिकतम आयु 30 वर्ष (एम.टेक आधारित)। **/For Research Scientist :** (M.Tech based) – Maximum age 30 years as on **date of Interview.**
- **कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता हेतु** : **साक्षात्कार की तिथि के अनुसार** अधिकतम आयु 28 वर्ष । **/For Junior Research Fellow :** Maximum age 28 years as on **date of Interview**
- **परियोजना सहयोगी-I हेतुः साक्षात्कार की तिथि के अनुसार** अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष निर्धारित है। / **For Project Associate - I:** Maximum age 35 years as on **date of Interview**

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति उम्मीदवारों के मामले में 5 साल और अ.पि.व उम्मीदवारों के मामले में 3 साल की छूट। भूतपूर्व सैनिक, दिव्यांग व्यक्ति भारत सरकार के आदेशों के अनुसार आयु में छूट के लिए पात्र हैं। आयु में छूट का

दावा करने वाले उम्मीदवारों को वैध दस्तावेजी प्रमाण प्रस्तुत करना होगा। /Relaxation by 5 years in case of SC/ST candidates and 3 years in case of OBC candidates. Ex-Servicemen, Persons with Disabilities are eligible for age relaxation as per Government of India orders. Candidates claiming age relaxation have to submit valid documentary proof.

**3. पदों का कार्यकाल:/TENURE OF THE POSITIONS:**

- **अनुसंधान वैज्ञानिक हेतु:** अनुसंधान वैज्ञानिक के पद पूर्णतः **एक वर्ष** की अवधि के लिए अस्थायी आधार पर हैं, जिसे आवधिक समीक्षाओं में अभ्यर्थी के प्रदर्शन के आधार पर अधिकतम **तीन वर्ष** की अवधि के लिए या परियोजना के साथ-साथ, जो भी पहले हो, बिना किसी नियमितीकरण प्रावधान के बढ़ाया जा सकता है।
- **/For Research Scientist:** The Research Scientist position is purely on temporary basis for a period of ONE YEAR which can be further extended based on the performance of the candidate in the periodical reviews, for a maximum period of THREE YEARS in total or co-terminus with the project, whichever is earlier, without any provision for regularization.
- **कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता हेतु :** कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता पद पूर्णतः अस्थायी आधार पर हैं और नियमितीकरण के किसी प्रावधान के बिना परियोजना के साथ समाप्त हो जाएंगे। कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता को शुरू में **एक वर्ष** या परियोजना की अवधि, जो भी पहले हो, के लिए नियुक्त किया जाएगा और उनके काम के मूल्यांकन और परियोजना की आवश्यकता के आधार पर आगे की अवधि के लिए बढ़ाया जा सकता है। कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता की नियुक्ति की अधिकतम अवधि **पांच वर्ष** या परियोजना अवधि, जो भी पहले हो, से अधिक नहीं होगी।
- **/For Junior Research Fellow:** The Junior Research Fellow positions are purely on temporary basis and co-terminus with the project without any provision for regularization. Junior Research Fellow will be engaged initially for ONE YEAR or the period of the project whichever is earlier and is extendable for further periods based on assessment of their work and requirement of project. The maximum period of engagement of Junior Research Fellows shall not exceed FIVE YEARS or project duration whichever is earlier.
- **परियोजना सहयोगी-। हेतुः** परियोजना सहयोगी-। के पद पूर्णतः अस्थायी आधार पर हैं तथा ये परियोजना की अवधि के साथ समाप्त हो जाएंगे। इन पदों के नियमितीकरण का कोई प्रावधान नहीं होगा। परियोजना सहयोगी-। को प्रारंभ में **एक वर्ष** की अवधि के लिए अथवा परियोजना की अवधि (जो भी पहले हो) तक नियुक्त किया जाएगा। उनके कार्य के मूल्यांकन तथा परियोजना की आवश्यकता के आधार पर नियुक्ति अवधि को आगे की अवधि के लिए बढ़ाया जा सकता है। परियोजना सहयोगी-। की नियुक्ति की अधिकतम अवधि **पाँच वर्ष** से अधिक नहीं होगी।
- **/ For Project Associate - I: The Project Associate - I positions are purely** on temporary basis and co-terminus with the project without any provision for regularization. Project Associate – I will be engaged initially for ONE YEAR or the period of the project whichever is earlier and is extendable for further periods based on assessment of their work and requirement of project. The maximum period of engagement of Project Associate – I shall not exceed FIVE YEAR.

आरएस/जेआरएफ के पदों पर नियुक्ति से एनईसैक में किसी भी प्रकार के नियमित रोजगार का कोई दावा या अधिकार प्राप्त नहीं होगा। इन सेवाओं को बिना किसी पूर्व सूचना के तथा बिना कोई कारण बताए किसी भी समय समाप्त किया जा सकता है।/The positions of RS/JRF/PA - I will not confer any claim or right for any regular employment in NESAC and the services are liable to be terminated without any notice and without assigning any reasons thereof.

निदेशक, एनईसैक बिना किसी कारण के साक्षात्कार को रद्द/स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। वह कार्यकाल/परियोजना के पूरा होने से पहले भी अनुबंध/सेवा को समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं, जिसके लिए कोई अपील नहीं की जाएगी। / The Director, NESAC reserves the right to cancel/postpone the interview without any reason thereof. He also reserves the right to terminate the contract/service, even before completion of the tenure/project for which no appeal thereof can be made.

**4. परिलब्धियाँ और अन्य लाभ:/EMOLUMENTS & OTHER BENEFITS:**

- **अनुसंधान वैज्ञानिक हेतु वेतन एवं भत्ते: / Pay & Allowances for Research Scientist:**

  चयनित अभ्यर्थियों को ₹56,100/- प्रतिमाह का वेतन दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, नियमों के अनुसार लागू महंगाई भत्ता, आवास भत्ता एवं केवल स्वंय के लिए चिकित्सा सुविधाएं अनुमान्य होंगी। /Selected candidates will be offered the monthly emoluments of ₹ 56,100/-. In addition, only applicable DA, HRA and medical benefits for self only will be allowed as per rules.

- **कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता हेतु वेतन एवं भत्ते: /Pay & Allowances for Junior Research Fellow:**

  फेलोशिप राशि ₹37,000/- प्रतिमाह है। इसके अतिरिक्त, पोस्टिंग स्थान पर लागू दरों के अनुसार या संबंधित परियोजना के अंतर्गत स्वीकृत आवास भत्ता (जो भी कम हो) प्रदान किया जाएगा तथा केवल स्वंय (स्व) के लिए चिकित्सा सुविधाएं वर्तमान नियमों के अनुसार अनुमन्य होंगी। / Monthly Fellowship Amount is ₹ 37,000/-. In addition to the above-mentioned fellowship amount, HRA at the applicable rates in force at the place of posting/HRA sanctioned under the respective project whichever is less will be paid and medical benefits for self only will be allowed as per extant rules.

- **परियोजना सहयोगी-I हेतु वेतन एवं भत्ते: /Pay & Allowances for Project Associate - I:**
  चयनित अभ्यर्थियों को ₹31,000/- प्रति माह का पारिश्रमिक प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, तैनाती के स्थान पर लागू निर्धारित दरों के अनुसार अथवा संबंधित परियोजना के अंतर्गत स्वीकृत एचआरए (HRA) में से जो भी कम होगा, वह भुगतान किया जाएगा। साथ ही, प्रचलित नियमों के अनुसार केवल स्वयं के लिए चिकित्सा सुविधाएँ अनुमन्य होंगी। / Selected candidates will be offered the monthly emoluments of ₹ 31,000/-. In addition to the above HRA at the prescribed rates in force at the place of posting/ HRA sanctioned under the respective project whichever is less will be paid and Medical benefits for self only will be allowed as per extant rules.

कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता / परियोजना सहयोगी-। केवल आकस्मिक अवकाश के लिए पात्र हैं जबकि एवं अनुसंधान वैज्ञानिक संस्थान के नियमों के अनुसार छुट्टी के लिए पात्र हैं। भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार मातृत्व अवकाश सभी महिला आर.एस./जे.आर.एफ के लिए उपलब्ध होगा। **इसके अलावा, चयनित उम्मीदवार नियमित कर्मचारियों को मिलने वाले किसी भी लाभ या रियायत के हकदार नहीं होंगे।** / Junior Research Fellows / Project Associates - I are eligible only for Casual Leave while Research Scientists are eligible for leave as per rules of the Institution. Maternity leave as per Govt. of India instructions would be available to all female RSs/JRFs/PA -Is. **Apart from this, the candidates selected will not be entitled to any benefits or concessions admissible to regular employees**.

5. **<u>आवेदन कैसे करें /HOW TO APPLY</u>:**
**इच्छुक एवं पात्र उम्मीदवारों को निर्धारित प्रारूप में अपना बायोडाटा तथा बायोडाटा में उल्लिखित विवरणों के समर्थन में सभी संबंधित मूल दस्तावेजों के साथ-साथ उनके स्व-प्रमाणित छायाप्रतियों का एक सेट लेकर सीधे साक्षात्कार स्थल पर उपस्थित होना अनिवार्य है, अन्यथा उन्हें साक्षात्कार के लिए अनुमति नहीं दी जाएगी।** जो उम्मीदवार केंद्र/राज्य सरकार/सार्वजनिक उपक्रमों अथवा स्वायत्त संस्थानों में पहले से कार्यरत हैं, उन्हें साक्षात्कार के समय मूल "**अनापत्ति प्रमाणपत्र**" प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। यदि कोई उम्मीदवार उपरोक्त में से कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत करने में असमर्थ रहता है या बायोडाटा में दी गई कोई जानकारी गलत या असत्य पाई जाती है, तो ऐसे उम्मीदवार को साक्षात्कार के लिए पात्र नहीं माना जाएगा। बायोडाटा का प्रारूप एनईसैक की वेबसाइट https://nesac.gov.in/category/career/ पर उपलब्ध है। / **Interested and eligible candidates are required to directly come to the venue along with their Biodata (as per prescribed format) and all relevant original documents containing proof of details furnished in the Biodata along with a set of self-attested photocopies of the documents, failing which the candidate will not be interviewed**. Candidates who are already employed under Central/State Government/Public Sector Undertakings or Autonomous Bodies will also have to produce the **"No Objection Certificate"**, in original, at the time of interview. In case the candidate fails to produce any of the above documents or if any information furnished in the Biodata is found to be wrong or false, the candidate will not be interviewed. The Biodata format is hosted in the NESAC website https://nesac.gov.in/category/career/.

- **बायोडेटा को निर्धारित बायोडेटा प्रारूप में साफ-साफ टाइप करें और फिर उसका प्रिंट-आउट निकाले। हस्तलिखित बायोडेटा स्वीकार नहीं किया जाएगा। /Biodata should be neatly typed in the prescribed Biodata Format and then print-out to be taken. Hand written Biodata will not be accepted.**

6. **<u>सामान्य शर्तें/GENERAL CONDITIONS</u>:**

- एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को प्रत्येक पद के लिए अलग-अलग बायोडाटा साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करना होगा। / Candidates intending to apply for more than one post should submit separate Biodata for each post at the time of interview.
- केवल वे उम्मीदवार जो **<u>साक्षात्कार की तिथि</u>** तक आवश्यक योग्यता रखते हैं, उन्हें ही साक्षात्कार के लिए आना चाहिए। केवल उत्तीर्ण उम्मीदवार ही साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। अंतिम परिणाम की प्रतीक्षा कर रहे छात्र <u>साक्षात्कार में न आएं।</u> / Those who possess the required qualification as on the **<u>Date of Interview</u>** only need to come for interview. Only passed candidates are eligible to appear for the interview. Students awaiting for final result <u>need not appear</u> for the walk-in-interview.
- निर्धारित अनुभव, अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने के बाद का ही मान्य होगा। / The prescribed experience should be after acquiring the essential qualification.
- चयनित अभ्यर्थियों की तैनाती एनईसैक, उमियम, मेघालय (गुवाहाटी रेलवे स्टेशन से 85 कि.मी. तथा शिलांग से 18 कि.मी. पहले) एवं चेरापूंजी, मेघालय में की जाएगी। तथापि, आवश्यकता पड़ने पर एनईसैक के निदेशक के विवेकानुसार उन्हें भारत में किसी भी स्थान पर प्रतिनियुक्त किया जा सकता है।/ The selected candidates shall be posted at NESAC, Umiam, Meghalaya (85 kms from Guwahati Railway Station and 18kms before Shillong) and Cherrapunjee, Meghalaya, but are also liable to be deputed in any place in India at the discretion of Director, NESAC as and when required.
- चयनित जेआरएफ को मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों से पीएच.डी. में पंजीकरण करने तथा एनईसैक और स्वयं के हित में अनुसंधान विषय पर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। तथापि, पीएच.डी. शोध कार्य को पूर्ण करने के लिए उन्हें अतिरिक्त समय में कार्य करना होगा। पीएच.डी. कार्य हेतु किसी भी प्रकार का अवकाश अनुमन्य नहीं होगा।/ The selected JRFs are encouraged to register for Ph.D from recognized universities and take up relevant research topic benefiting the individual and NESAC. However, they have to work extra time to complete the Ph.D research. No leave is admissible for Ph.D work.
- कृपया सुनिश्चित करें कि आपने इस पद के लिए विज्ञापन में उल्लिखित आवश्यक योग्यता एवं अन्य सभी मापदंडों को पूरा किया है, अन्यथा आपको साक्षात्कार में शामिल नहीं किया जाएगा। /Please ensure that you are satisfying the essential qualification other required norms as mentioned in the Advertisement for this position, failing which you will not be interviewed.
- साक्षात्कार की तिथि या स्थान में किसी भी प्रकार का परिवर्तन अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा। / Request for change of date or place of interview shall not be entertained.
- साक्षात्कार हेतु, यदि आवश्यक हो, तो उम्मीदवारों को अपने रहने की व्यवस्था स्वयं करनी होगी। / Candidates are advised to make their own arrangements for their stay at their cost, if required, for interview.
- आवश्यकता पड़ने पर साक्षात्कार कार्यालय समय के बाद या अगले दिन तक भी चल सकता है, जिसकी व्यवस्था उम्मीदवार को स्वयं करनी होगी। / Please note that if required, you may have to stay for interview beyond office hours or for the next day also, at your own expenses.
- साक्षात्कार में सम्मिलित होने से पहले उम्मीदवारों को आधार/पासपोर्ट आदि जैसे किसी भी सरकारी पहचान पत्र द्वारा अपनी पहचान प्रमाणित करनी होगी। / Candidates will be asked to prove their identity by showing any Govt. issued identity card, such as AADHAR/Passport/etc., before appearing for the interview.
- आवश्यक योग्यता, पदों की संख्या, साक्षात्कार की तिथि आदि से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन/परिशिष्ट की सूचना केवल एनईसैक की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। / It may be noted that Corrigendum/Addendum, if any, related to any modifications to the essential qualification requirements, No. of Post, date of interview etc. will be notified in NESAC website only.
- आयु, योग्यता आदि सभी मामलों में **<u>साक्षात्कार की तिथि</u>** निर्णायक (कट-ऑफ) तिथि मानी जाएगी। / **<u>Date of Interview</u>** will be cut-off date for all purposes like age, qualification, etc.
- किसी भी प्रकार का मध्यवर्ती पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा। यदि बायोडाटा प्रारूप डाउनलोड करने में कोई समस्या हो, तो उम्मीदवार **<u>ao.nesac@nesac.gov.in</u>** पर ई-मेल भेज सकते हैं। / No interim correspondence

will be entertained. In case of any issues pertaining to downloading of Biodata format, candidates may send e-mail to ao.nesac@nesac.gov.in.

- अभ्यर्थियों को अपने बायोडाटा में वैध ई-मेल आईडी एवं संपर्क नंबर प्रदान करना अनिवार्य है। किसी भी अभ्यर्थी द्वारा अमान्य ई-मेल आईडी एवं संपर्क नंबर प्रदान किए जाने की स्थिति में, ई-मेल के माध्यम से भेजी जाने वाली किसी भी सूचना के प्राप्त न होने के लिए एनईसैक उत्तरदायी नहीं होगा।/ Candidates are required to provide their valid email-id & contact number in the Biodata. In case of invalid e-mail ID & contact number provided by any candidate, NESAC will not be responsible for the non-communication of any information which will be sent through e-mail.
- केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन करें। / Only Indian Nationals need to apply.
- साक्षात्कार में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता (TA/DA) नहीं दिया जाएगा। / No TA/DA shall be paid for attending the interview.
- किसी भी प्रकार की सिफारिश या प्रभाव डालने का प्रयास अमान्यता का कारण बनेगा। / Canvassing in any form will result in disqualification.

**"एनईसैक एक ऐसे कार्यबल की स्थापना के लिए प्रयासरत है जिसमें लैंगिक संतुलन परिलक्षित हो, अतः महिला उम्मीदवारों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। / NESAC STRIVES TO HAVE A WORKFORCE WHICH REFLECTS GENDER BALANCE, HENCE WOMEN CANDIDATES ARE ENCOURAGED TO APPLY"**

**यह उम्मीदवार की जिम्मेदारी है कि वह यह सुनिश्चित करे कि वह पात्रता मानदंडों को पूरा करता/करती है, सभी आवश्यकताओं का अनुपालन करता/करती है तथा इस विज्ञापन में उल्लिखित निर्देशों का पालन करता/करती है। इसलिए उम्मीदवारों को अपने हित में सलाह दी जाती है कि वे विज्ञापन को ध्यानपूर्वक पढ़ें। / It is for the candidate to ensure that he/she fulfills the eligibility criteria and complies with the requirements and adhere to the instructions contained in this advertisement. So, Candidates in their own interest are advised to carefully read the advertisement.**

***यदि अंग्रेज़ी और हिंदी संस्करणों के बीच कोई भिन्नता पाई जाती है, तो अंग्रेज़ी संस्करण को ही अंतिम माना जाएगा। / In case any differences between English and Hindi Version, then English version will be considered as Final.***

| **महत्वपूर्ण / IMPORTANT** |
|---|
| **योग्यता निर्धारण की तिथि सभी दृष्टिकोणों से वॉक-इन-इंटरव्यूह की तिथि होगी। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे अपने बायोडाटा प्रारूप में सभी विवरण सावधानीपूर्वक भरें। / DATE FOR DETERMINING THE ELIGIBILITY IN ALL RESPECT SHALL BE THE DATE OF WALK-IN-INTERVIEW. THE APPLICANTS ARE ADVISED TO FILL IN THEIR PARTICULARS IN THE BIODATA FORMAT CAREFULLY.** |
| **वॉक-इन-इंटरव्यूह में भाग लेने वाले उम्मीदवारों को बायोडाटा में दी गई जानकारी के प्रमाणस्वरूप सभी मूल दस्तावेजों के साथ-साथ उनके स्व-प्रमाणित छायाप्रतियों का एक सेट प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। जो उम्मीदवार केंद्र/राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रमों या स्वायत्त संस्थानों के अधीन कार्यरत हैं, उन्हें वॉक-इन-इंटरव्यूह के समय मूल "अनापत्ति प्रमाणपत्र" प्रस्तुत करना अनिवार्य यदि कोई उम्मीदवार उपरोक्त में से कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत करने में असफल रहता है या बायोडाटा में दी गई कोई जानकारी गलत या असत्य पाई जाती है, तो उसे साक्षात्कार के लिए पात्र नहीं माना जाएगा।/CANDIDATES ATTENDING THE WALK-IN-INTERVIEW WILL HAVE TO PRODUCE ALL RELEVANT ORIGINAL DOCUMENTS CONTAINING PROOF OF DETAILS FURNISHED IN THE BIODATA ALONG WITH A SET OF SELF-ATTESTED PHOTOCOPIES. CANDIDATES WHO ARE ALREADY EMPLOYED UNDER CENTRAL/STATE GOVERNMENT, PUBLIC SECTOR UNDERTAKINGS OR AUTONOMOUS BODIES WILL ALSO HAVE TO PRODUCE THE "NO OBJECTION CERTIFICATE", IN ORIGINAL, AT THE TIME OF THE WALK-IN-INTERVIEW. IN CASE THE CANDIDATE FAILS TO PRODUCE ANY OF THE ABOVE DOCUMENTS OR IF ANY INFORMATION FURNISHED IN THE BIODATA IS FOUND TO BE WRONG OR FALSE, THE CANDIDATE WILL NOT BE INTERVIEWED.** |